भारत और बुल्गारिया लोकतंत्र, रूल ऑफ लॉ, जन केंद्रित शासन व्यवस्था और पारदर्शिता के साझे मूल्यों में विश्वास करते हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

बुल्गारिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष से मुलाकात की

...

नई दिल्ली 5 जनवरी, 2024: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में रिपब्लिक ऑफ बुल्गारिया की नेशनल असेंबली के प्रेसीडेंट, श्री रॉसेन ज़ेल्याज़कोव के नेतृत्व में भारत के दौरे पर आए संसदीय शिष्टमंडल के साथ बैठक की।

भारत और बुल्गारिया के बीच वर्षों पुराने और सुदृढ़ मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र, रूल ऑफ लॉ, जन केंद्रित शासन व्यवस्था और पारदर्शिता के साझे मूल्यों में विश्वास करते हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उल्लेख किया कि दिसंबर 2024 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दोनों देशों के घनिष्ट संसदीय संबंधों पर चर्चा के दौरान बुल्गारिया की नेशनल असेंबली में “फ्रेंडशिप ग्रुप फॉर इंडिया” के गठन पर श्री बिरला हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह समूह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने में सक्रिय योगदान देगा। श्री बिरला ने शिष्टमंडल को सूचित किया कि भारत की संसद में भी “फ्रेंडशिप ग्रुप” का गठन किया गया है।

प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्व में भारत के बढ़ते कद का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत और स्थिर सरकार के कारण भारत वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रदान कर रहा है और वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है। जी20 में भारत के नेतृत्व के विषय में उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान, अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर भारत वैश्विक एजेंडा निर्धारित करने और कई महत्वपूर्ण और विवादास्पद मुद्दों पर आम सहमति बनाने में सक्षम रहा।

भारत की लोकतान्त्रिक विरासत का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि कि आजादी के 75 वर्षों में भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत हुआ है तथा इसकी जड़ें और गहरी हुई हैं। दोनों

देशों के सांझे मूल्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति के कारण आज दोनो देश विकास और समृद्धि के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

श्री बिरला ने दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की अपार संभावनाओं पर ज़ोर देते हुए कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, व्यापार और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग में और वृद्धि हो। उन्होंने विचार व्यक्त किया कि नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन और कृषि के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

भारत और बुल्गारिया के बीच वैश्विक मंचों पर सहयोग की लंबी परंपरा का जिक्र करते हुए श्री बिरला ने सुझाव दिया कि बुल्गारिया भारत द्वारा शुरू की गई अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन जैसी अंतर्राष्ट्रीय पहलों में शामिल होने पर भी विचार करे।

इस अवसर पर बुल्गारिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष महामहिम. श्री रोसेन ज़ेल्याज़कोव ने श्री बिरला को धन्यवाद दिया और वैश्विक मामलों में भारत की अग्रणी भूमिका की सराहना की। उन्होंने जी20 में भारत के नेतृत्व और देश की बढ़ती आर्थिक वृद्धि की भी सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भारत और बुल्गारिया के द्विपक्षीय संबंध अधिक सदृढ़ और समृद्ध बनेंगे।